सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
आषाढ़ 25, मंगलवार, *शाके 1946*-जुलाई 16, *2024*	
Asadha 25, Tuesday, Saka 1946- July 16, 2024	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

आदेश

जयपुर, जुलाई 13, 2024

संख्या एफ.15(28)पंरावि/विधि/वल्लभनगर/उदयपुर/2024/ईफाईल-27080/8570926 :- स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक 1436 दिनांक 05.5.2023 के द्वारा नवगठित नगरपालिका वल्लभनगर, जिला उदयपुर का गठन किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप उदयपुर जिले की पंचायत समिति, वल्लभनगर का वार्ड संख्या 19 पूर्णतः नगरपालिका क्षेत्र वल्लभनगर में सम्मिलित हो गया है ।

विभागीय अधिसूचना क्रमांक 326 दिनांक 11.7.2023 के द्वारा नगरपालिका वल्लभनगर में सम्मिलित क्षेत्र (पंचायत समिति वल्लभनगर का वार्ड संख्या 19) को पंचायती राज संस्थाओं की सीमाओं से भी पृथक कर दिया गया है, जिससे श्रीमती प्रेमी कुमारी सरगरा, पंचायत समिति सदस्य वल्लभनगर, वार्ड संख्या 19, जिला उदयपुर के पद पर निर्वाचित थी।

अतः राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-101(2)(घ) के प्रावधानानुसार अधिसूचना क्रमांक 326 दिनांक 11.7.2023 के द्वारा अपवर्जित क्षेत्र वार्ड संख्या 19 से निर्वाचित श्रीमती प्रेमी कुमारी सरगरा (जिला उदयपुर) को हटाया हुआ माना जाएगा ।

आज्ञा से,
रवि जैन,
शासन सचिव एवं आयुक्त।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।